राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ, जयपुर(राज0)

क्रमांक– RNSSM/26/01

दिनांकः– 03.11.2026

–:मीटिंग सूचनाः–

माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार लेख है कि नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आगामी बुधवार दिनांक 04.11.2026 को दोपहर 1:30 बजे से शासन सचिवालय के सामने सेंट्रल पार्क में आयोजित की जा रही है। बैठक का एजेंडा निम्नानुसार हैः–

1.तत्कालीन कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों/कार्यवाही की समीक्षा।
2.कैडर हित एवं कैडर रिव्यू के संबंध में चर्चा।
3.तथाकथित कार्यकारिणी द्वारा श्री रमन पारीक की राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ से सदस्यता समाप्त किए जाने के संबंध में समीक्षा एवं निर्णय।
4.संरक्षक एवं सलाहकार पदों पर नियुक्ति के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा।
5 महासंघ की सदस्यता की संख्या में अभिवृद्धि के संबंध में विचार विमर्श व चर्चा।
6.जिन विभागों में अपने कैडर की डीपीसी लंबित है, के बारे में कार्मिक विभाग द्वारा 15 नवम्बर तक डीपीसी आयोजित करने के निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही का निर्णय।
7. अन्य विषय माननीय अध्यक्ष की अनुमति से।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी सम्माननीय पदाधिकारी के पास संगठन के हित में कोई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव अथवा विषय हो, तो वे कृपया दिनांक 03.11.2026 सांय 06 बजे तक मुझे भिजवाने का कष्ट करें, ताकि उचित विषयों को अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक के एजेंडे में सम्मिलित किया जा सके।

अतः आप सभी से पुन आग्रह है कृपया बैठक में आवश्यक रूप से सम्मिलित होने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

03.11.26

(अमित कुमार सुन्दरिया)
प्रदेश महामंत्री
प्रदेश महामंत्री
राज॰ निजी सहायक संवर्ग महासंघ

प्रतिलिपिः– समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण।
नोटिस बोर्ड/रक्षित पत्रावली।

03.11.26

प्रदेश महामंत्री
प्रदेश महामंत्री
राज॰ निजी सहायक संवर्ग महासंघ